2

अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति (2019-2020)

सत्रहवीं लोक सभा

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

[''केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिटरी स्कूलों में प्रवेश और रोजगार में ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपाय'']

दूसरा प्रतिवेदन

सत्यमेव जयते

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

दिसंबर, 2019/अग्रहायण, 1941 (शक)

दूसरा प्रतिवेदन

अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति
(2019-2020)

(सत्रहवीं लोक सभा)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

''केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में प्रवेश और रोजगार में ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपाय''

5 फरवरी, 2020 को लोक सभा को प्रस्तुत किया गया।
13 दिसम्बर, 2019 को राज्य सभा के पटल पर रखा गया।
30 दिसम्बर, 2019 को माननीय अध्यक्ष, लोक सभा को प्रस्तुत किया गया।

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली

दिसम्बर, 2019/*अग्रहायण,* 1941 (*शक*)

सी॰ओ॰ओबीसी सं॰ 34

मूल्य: 84.00 रुपये

© 2020 लोक सभा सचिवालय

लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (सोलहवां संस्करण) के नियम 382 के अन्तर्गत प्रकाशित और प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, मिन्टो रोड, नई दिल्ली–110 002 द्वारा मुद्रित।

विषय–सूची

पृष्ठ

समिति (2019–20) की संरचना ..... (iii)

प्राक्कथन ..... (v)

भाग–एक

व्याख्यात्मक विश्लेषण

अध्याय एक. प्रतिवेदन 1

अध्याय दो. केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में प्रवेश में अ॰पि॰व॰ के विद्यार्थियों के आरक्षण हेतु संवैधानिक और विधिक उपबंध 4

अध्याय तीन. केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों के अंतर्गत अध्यापकों एवं स्टाफ के रोजगार में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व 14

भाग–दो

टिप्पणियां/सिफारिशें 19

अनुबंध

एक. संविधान (93वां संशोधन) अधिनियम, 2005 23

दो. केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु दिशानिर्देश 25

तीन. नवोदय विद्यालय योजना 45

चार. शासी–मंडल द्वारा यथा अनुमोदित सैनिक स्कूल प्रवेश नियमों का सार 52

परिशिष्ट

एक. समिति की 25.10.2019 को हुई बैठक का कार्यवाही सारांश 53

दो. समिति की 19.11.2019 को हुई बैठक का कार्यवाही सारांश 56

तीन. समिति की 12.12.2019 को हुई बैठक का कार्यवाही सारांश 59

अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति (2019-20)

श्री गणेश सिंह — **सभापति**

लोक सभा

सदस्य

2. श्री रमेश बिधूड़ी
3. श्री एस॰ जगतरक्षकन
4. श्री एस॰ ज्योतिमणि
5. श्री दिलेश्वर कामैत
6. श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे
7. श्री बंदी संजय कुमार
8. श्री सदाशिव किसान लोखंडे
9. डॉ॰ श्रीमती प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे
10. श्री बालक नाथ
11. श्री अजय निषाद
12. डॉ॰ संघमित्रा मौर्या
13. श्री परबतभाई सवाभाई पटेल
14. श्री कपिल मोरेश्वर पाटील
15. श्री महेश साहू
16. श्री संजय सेठ
17. श्री राम शिरोमणि
18. श्री के॰ सुधाकरन
19. श्री राजेश वर्मा
20. श्री अशोक कुमार यादव

राज्य सभा

21. श्री राम नारायण डूडी
22. श्री टी॰के॰एस॰ एलंगोवन
23. श्री बी॰के॰ हरिप्रसाद
24. श्री विशम्भर प्रसाद निषाद
25. डॉ॰ बांडा प्रकाश
26. श्री के॰के॰ रागेश
27. श्रीमती विजिला सत्यानंत

28. श्री राम नाथ ठाकुर
29. श्रीमती छाया वर्मा
30. श्री हरनाथ सिंह यादव

सचिवालय

1. श्रीमती अनिता बी॰ पांडा	—	**संयुक्त सचिव**
2. श्री एन॰के॰ पांडे	—	**निदेशक**
3. मो॰ आफताब आलम	—	**अपर निदेशक**
4. श्री जनमेष सिंह	—	**उप सचिव**

प्राक्कथन

मैं, अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति (2019-20) का सभापति, समिति द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर उनकी ओर से मानव संसाधन विकास मंत्रालय से संबंधित ''केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिटरी स्कूलों में प्रवेश और रोजगार में ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपाय'' विषय पर यह दूसरा प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

2. समिति ने विषय की जांच के संबंध में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग) तथा रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों का दिनांक 25.10.2019 और 19.11.2019 को साक्ष्य लिया। समिति मानव संसाधन विकास मंत्रालय (विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग) तथा रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों का समिति के समक्ष साक्ष्य देने के लिए उपस्थित होने एवं विषय की जांच के संबंध में समिति द्वारा मांगी गयी अपेक्षित सूचना प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद देती है।

3. समिति ने 12.12.2019 को हुई बैठक में प्रतिवेदन पर विचार किया तथा उसे स्वीकार किया।

4. समिति से संबद्ध लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों द्वारा दी गई मूल्यवान सहायता के लिए समिति उनकी सराहना करती है।

5. संदर्भ की सुविधा हेतु समिति की टिप्पणियां और सिफारिशों को प्रतिवेदन के भाग-दो में मोटे अक्षरों में मुद्रित किया गया है।

नई दिल्ली;
12 दिसंबर, 2019
21 अग्रहायण, 1941 (शक)

गणेश सिंह,
सभापति,
अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति।

भाग एक

व्याख्यात्मक विश्लेषण

अध्याय एक

प्रतिवेदन

भारतीय संविधान समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विभिन्न रूपों में सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी क्षेत्र में रोजगार में आरक्षण का प्रावधान एक सकारात्मक कार्यवाही है जिसका उद्देश्य उन समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है जिनका सरकारी रोजगार में प्रतिनिधित्व कम है। तथापि, इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए यह अनिवार्य है कि समाज के पिछड़े वर्गों के बच्चों को प्राथमिक एवं उच्चतर स्तर पर उचित शिक्षा प्रदान की जाए जिससे विभिन्न स्तरों पर उनकी भागीदारी बढ़ सके। शिक्षा सबके लिए मुक्ति, भागीदारी एवं सामाजिक समानता का सशक्त साधन मानी जाती है। इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिए वर्तमान स्कूलों के अतिरिक्त कुछ नई श्रेणी के स्कूल खोले हैं। नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल इसी श्रेणी के स्कूल हैं जो सरकार द्वारा जनसंख्या के एक विशिष्ट भागी की शैक्षणिक आवश्यकता को पूरा करने या सुस्थापित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए खोले गए हैं। इन स्कूलों के बारे में समिति को निम्न सूचनाएं दी गईं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस)

1.2 समिति को बताया गया कि भारत सरकार ने स्थानान्तरणीय केन्द्रीय सरकार/रक्षा कर्मचारियों के बच्चों के लिए शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए नवम्बर, 1962 में केन्द्रीय विद्यालय योजना का अनुमोदन किया था। प्रारंभ में, शैक्षिक वर्ष 1963-64 के दौरान रक्षा केन्द्रों में 20 रेजीमेंटल स्कूलों को सेंट्रल स्कूलों के रूप में शुरू किया गया था और उन स्कूलों ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई (सेंट्रल स्कूल इकाई) के रूप में कार्य किया था। दिनांक 15.12.1965 को इनको एक सोसायटी के रूप में सेंट्रल स्कूल संगठन के रूप में पंजीकृत किया गया था और एक स्वायत्त संगठन बन गया था। दिनांक 3.07.1967 को, सेंट्रल स्कूल संगठन के नाम को बदलकर केन्द्रीय विद्यालय संगठन कर दिया था जिसने सेंट्रल स्कूलों जिन्हें आगे केन्द्रीय विद्यालय कहा गया है, के खोलने और प्रबंधन का कार्य संभाला। दिनांक 22.10.2019 की स्थिति के अनुसार, काठमांडू, मास्को और तेहरान में कार्यात्मक तीन विद्यालयों सहित 1227 केन्द्रीय विद्यालय हैं।

नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस)

1.3 आवासीय स्कूलों जहां ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को अच्छी गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान की जा सके, की स्थापना के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपीई), 1986 की सिफारिशों के अनुसरण में भारत सरकार द्वारा वर्ष 1986 में देश के प्रत्येक जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय

(जनवि) की स्थापना की परिकल्पना करते हुए एक केन्द्रीय क्षेत्र योजना शुरू की गई थी। इन जवाहर नवोदय विद्यालयों का संचालन सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत वर्ष 1986 में स्थापित नवोदय विद्यालय समिति (नविस) एक स्वायत्त संगठन द्वारा किया जाता है। जवाहर नवोदय विद्यालय सह-शैक्षिक आवासीय स्कूल हैं जिनमें छठी से बारहवीं तक कक्षाएं हैं। जनवि में दाखिला सीबीएसई द्वारा तैयार और आयोजित एक चयन परीक्षा के आधार पर किया जाता है। आज तक, देश में 661 जनवि स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 637 कार्यात्मक हैं।

केवीएस और एनवीएस, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के अंतर्गत हैं।

सैनिक स्कूल

1.4 सैनिक स्कूलों (1961 में शुरू) की स्थापना के पीछे उद्देश्य लड़कों को शैक्षणिक, शारीरिक और मानसिक रूप से राष्ट्रीय सैन्य अकादमी (एनडीए) में प्रवेश के लिए तैयार करना था। योजना के अन्य उद्देश्य निम्नानुसार हैं:—

(i) रक्षा सेवाओं के अधिकारी संवर्ग में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना।

(ii) आज के युवाओं को भविष्य के बेहतर नागरिक बनाने हेतु उनके शरीर, मन, हृदय एवं चरित्र का विकास करना।

(iii) पब्लिक स्कूल की शिक्षा को आम आदमी के पहुंच में लाना।

सैनिक स्कूल का प्रबंधन सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा किया जाता है जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत है। सैनिक स्कूलों का समग्र प्रशासन, पर्यवेक्षण और नियंत्रण रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में बोर्ड आफ गवर्नर्स सैनिक स्कूल नामक एक निकाय में निहित होता है। सैनिक स्कूलों के मामलों पर गरीबी नियंत्रण और पर्यवेक्षण के लिए रक्षा सचिव की अध्यक्षता के तहत एक कार्यकारी समिति है। वर्तमान में रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत देश में 31 सैनिक स्कूल कार्यरत हैं।

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल

1.5 रक्षा कर्मियों के बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सैन्य स्कूल की स्थापना किंग जार्ज रॉयल इंडियन मिलिट्री स्कूल के रूप में हुई थी। सन् 1952 में इस स्कूल को पब्लिक स्कूल की तर्ज पर पुनर्गठित किया गया तथा इसमें रक्षा सेवा के अधिकारियों एवं सिविलियन्स के बच्चों के लिए प्रवेश खुले थे। सन् 1954 में यह स्कूल इंडियन पब्लिक स्कूल कांफ्रेंस का सदस्य बना तथा आज तक उसका सक्रिय सदस्य बना हुआ है। सन् 1966 में इस स्कूल का पुनर्नामकरण मिलिट्री स्कूल के नाम से हुआ तथा 25 जून 2007 से यह स्कूल अपने वर्तमान नाम 'राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल' के नाम से जाना जाता है। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) चैल (हिमाचल प्रदेश), अजमेर (राजस्थान), बेलगाम (कर्नाटक), बेंगलुरू (कर्नाटक) और धौलपुर (राजस्थान) में स्थित हैं। ये स्कूल सीबीएसई से संबद्ध पूर्णत: आवासीय पब्लिक स्कूल हैं जो रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं।

1.6 यह तथ्य समिति के ध्यान में रहा है कि इन संस्थानों में अ॰पि॰व॰ के आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। यह महसूस किया गया कि अ॰पि॰व॰ का रोजगार में उचित प्रतिनिधित्व एवं उनके सशक्तिकरण की संवैधानिक गारंटी सफल नहीं होगी, यदि उनके बच्चों को प्राथमिक एवं उच्चतर स्तर पर, उचित शैक्षणिक अवसर न दिया जाए। तदनुसार, समिति ने अ॰पि॰व॰ को उपलब्ध संवैधानिक अधिकारों एवं विधिक हकदारी के परिप्रेक्ष्य में इन संस्थानों में प्रवेश में उनको आरक्षण प्रदान करने के दावों का विस्तार से परीक्षण करने का निश्चय किया तथा इसके बाद इस प्रतिवेदन में उनकी टिप्पणियां और सिफारिशें दी गई हैं।

अध्याय दो

केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में प्रवेश में अ॰पि॰व॰ के विद्यार्थियों के आरक्षण हेतु संवैधानिक और विधिक उपबंध

भारत के संविधान के अनुच्छेद 46 में राज्य के नीति निर्देशक तत्व के रूप में यह वर्णित है कि राज्य समाज के कमजोर वर्गों के शैक्षणिक और आर्थिक हितों का विशेष ध्यान से संवर्धन करेगा और सामाजिक अन्याय से उनकी रक्षा करेगा। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों जिसे अ॰पि॰व॰ के रूप में उल्लिखित किया जाता है, से संबंधित व्यक्तियों के विकास को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा तक पहुंच होना महत्वपूर्ण है। अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थानों के अतिरिक्त अन्य गैर-सहायता प्राप्त शैक्षिक संस्थाओं में सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े नागारिकों के वर्गों या अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों को प्रवेश देने एवं उनकी शैक्षिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा संविधान (93वां संशोधन) अधिनियम, 2005 (**अनुबंध-एक**) अधिनियमित किया गया। संविधान में अन्य उपबंध हैं जो संगत एवं प्रयोज्य हैं उन्हें परवर्ती पैरा में दिया गया है

2.2 संविधान के अनुच्छेद 30 के खंड (1) में संदर्भित अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के अलावा गैर-सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के मामले में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के नागरिकों जैसे अ॰पि॰व॰ या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक विकास के संवर्धन हेतु संविधान के अनुच्छेद 15 में एक नया खंड 5 अंत:स्थापित किया गया है जिसमें यह प्रावधान है कि यह अनुच्छेद या अनुच्छेद 19 के खंड (1) उपखंड (छ) किसी राज्य को कानून के द्वारा नागारिकों के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों या अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए राज्य द्वारा सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त प्राइवेट सहित शैक्षणिक संस्थाओं में उनको प्रवेश देने के मामले में विशेष उपबंध करने से रोकेगा नहीं। यहां पर ''शैक्षणिक संस्थान'' पद का संदर्भ उन संस्थानों से है जो अनुच्छेद 30 के खंड (1) में उल्लिखित अल्पसंख्यक संस्थानों के अलावा हैं। नया खंड (5) संसद और राज्य विधान सभा को उपर्युक्त उद्देश्य के लिए उचित कानून बनाने की शक्ति प्रदान करता है।

2.3 संविधान (93वां संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा अंत:स्थापित संविधान का अनुच्छेद 15 खंड (5) यह उपबंध करता है कि ''राज्य कानून द्वारा सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े नागरिकों या अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों की प्रगति के लिए जहां तक ऐसे उपबंधों का संबंध उनके निजी शैक्षिक संस्थाओं सहित शैक्षिक संस्थाओं चाहे वे राज्य द्वारा सहायता प्राप्त हों या गैर-सहायता प्राप्त हों, में प्रवेश लेने से संबंधी प्रावधान कर सकता है''।

2.4 दिनांक 06.05.2014 को माननीय उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 15 के खंड (5) के अंत:स्थापन के साथ संविधान (93वां संशोधन) अधिनियम, 2005 तथा संविधान की

धारा 21क को अंतर्विष्ट करते हुए संविधान (86वां संशोधन) अधिनियम, 2002 संविधान के मूल ढांचे और भावना को परिवर्तित नहीं करते हैं तथा संवैधानिक रूप से वैध हैं।

2.5 संविधान अधिनियम, 2019 को 12 जनवरी, 2019 को राष्ट्रपति की मंजूरी प्राप्त हुई तथा संविधान के अनुच्छेद 15 में खण्ड 5 के बाद खण्ड 6 को अंतर्विष्ट किया गया। अनुच्छेद (6) (ख) इस प्रकार है:—

> ''खंड (4) और खंड (5) में उल्लिखित वर्गों से भिन्न नागरिकों के आर्थिक रूप से दुर्बल किन्हीं वर्गों की उन्नति के लिए कोई भी विशेष उपबंध करने से वहां निवारित नहीं करेगी, जहां तक ऐसे उपबंध, ऐसी शैक्षणिक संस्थाओं में, जिसके अंतर्गत अनुच्छेद 30 के खंड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थाओं से भिन्न प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाएं भी हैं, चाहे वे राज्य द्वारा सहायता पाने वाली हैं या सहायता न पाने वाली हैं, प्रवेश से संबंधित हैं, जो आरक्षण की दशा में विद्यमान आरक्षण के अतिरिक्त तथा प्रत्येक प्रवर्ग में कुल स्थानों के अधिकतम दस प्रतिशत के अध्यधीन होगा।''

2.6 संविधान (93वां संशोधन) अधिनियम, 2005 के अनुसरण के क्रम में केंद्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 (भारत के राजपत्र, असाधारण भाग–दो, खंड–1, दिनांक 04.01.2007 को प्रकाशित 2007 की संख्या 5) केंद्र सरकार द्वारा स्थापित, सहायता प्राप्त अथवा उसकी देखरेख के अंतर्गत कुछ शिक्षा संस्थानों में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों से संबद्ध विद्यार्थियों के प्रवेश में आरक्षण का तथा उससे संबद्ध एवं आनुषंगिक मामलों के लिए उपबंध करता है।

2.7 सीईआई (दाखिले में आरक्षण) अधिनियम, 2006 के पैरा 2 खंड (घ) के अनुसार, केन्द्रीय शैक्षिक संस्था से अभिप्रेत है:—

(i) केन्द्रीय अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित या निगमित कोई विश्वविद्यालय;

(ii) संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व की कोई संस्था;

(iii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन सम विश्वविद्यालय के रूप में घोषित और केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुरक्षित और सहायता प्राप्त करने वाली कोई संस्था;

(iv) ऐसी कोई संस्था जो केन्द्र सरकार द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से अनुरक्षित है या उससे सहायता प्राप्त करती है और जो खंड (i) या खंड (ii) में निर्दिष्ट किसी संस्था से सम्बद्ध है या खंड (iii) में निर्दिष्ट में किसी संस्था की कोई संघटक इकाई है;

(v) सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित कोई शिक्षा संस्था।

2.8 केंद्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 का पैरा 2 खंड (छ) इस प्रकार है:—

> ''अन्य पिछड़े वर्गों'' का आशय उन नागरिकों के वर्ग अथवा वर्गों से है जो सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं, तथा इसका निर्धारण केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।''

केंद्रीय विद्यालयों (केवीज)/नवोदय विद्यालयों (एनवीज में आरक्षण)

2.9 समिति ने केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश में विद्यार्थियों को प्रदान किए जाने वाले आरक्षण का विवरण मांगा। अपने लिखित उत्तर में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कहा कि:—

> ''सभी केंद्रीय विद्यालयों में सभी नये दाखिलों में 15% सीट अनुसूचित जातियों और 7.5% सीट अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित होगी। इसके अतिरिक्त, आरटीई कोटा के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त एससी/एसटी विद्यार्थियों की संख्या पर विचार करने के पश्चात् एससी और एसटी के लिए आरक्षित सीटों की कमी का आकलन किया जाता है। कक्षा 1 में प्रत्येक सेक्शन में 10 सीटें (40 सीटों में से) आरटीई प्रावधानों (सीटों का 25%) के अनुसार भरी जाती हैं और इन 10 सीटों को पड़ोस में रहने वाले/दिव्यांगजनों एससी/एसटी/ईडब्ल्यूएस/बीपीएल/ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) के सभी आवेदनों से ड्रा के जरिये भरा जाएगा। नये दाखिले में कुल उपलब्ध सीटों में से 3% सीटें दिव्यांगजन (समान अवसर, अधिकारों की रक्षा और पूर्ण सहभागिता) अधिनियम, 1995 के साथ पठित आरटीई अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षित होंगी।''

2.10 मंत्रालय के अनुसार केंद्रीय विद्यालयों में आरक्षण उनके दाखिले संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदान किया जा रहा है। समिति के समक्ष प्रस्तुत केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश संबंधी दिशानिर्देश **अनुबंध-दो** पर दिए गए हैं।

2.11 समिति ने मंत्रालय से नवोदय विद्यालयों में प्रवेश में छात्रों को प्रदान किए जाने वाले आरक्षण का ब्यौरा मांगा। अपने लिखित उत्तर में मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा कि:—

> ''अनुसूचित जातियों और जनजातियों से संबंधित बच्चों को सीटों का आरक्षण संबंधित जिले में उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रदान किया जाता है बशर्ते किसी जिले में यह आरक्षण राष्ट्रीय औसत से कम नहीं होगा। यदि इन दो श्रेणियों में से किसी एक श्रेणी के बच्चों की पर्याप्त संख्या योग्य नहीं है तो दो श्रेणियों के बीच सीटों का अंत:परिवर्तन किया जा सकता है। निर्धारित आरक्षण के अनुसार नवोदय विद्यालयों में एससी/एसटी बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करने हेतु परीक्षण तकनीकों में आवश्यक सुधार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, एक तिहाई सीटों को बालिका विद्यार्थियों और 3% सीटों को विशेष रूप से सक्षम बच्चों के द्वारा भरा जाता है।''

2.12 मंत्रालय ने बताया कि नवोदय विद्यालयों में आरक्षण नवोदय विद्यालय योजना और प्रवेश नीति के प्रावधानों के अनुसार प्रदान किया जाता है। नवोदय विद्यालय स्कीम का ब्यौरा **अनुबंध-तीन** पर प्रस्तुत किया गया है।

2.13 यह पूछे जाने पर कि केवीज/एनवीज में पढ़ रहे अन्य पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों की संख्या क्या है, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव ने दिनांक 25.10.2019 को अन्य बातों के साथ-साथ यह बताया कि:—

''जहां तक नवोदय विद्यालयों का प्रश्न है, विद्यार्थियों की कुल संख्या 2,73,828 है, जिनमें से अन्य पिछड़े वर्गों के 83.526 विद्यार्थी हैं, जो कि 30.5 प्रतिशत है। जैसाकि माननीय सदस्यों को ज्ञात होगा, नवोदय विद्यालय में 75 प्रतिशत से अधिक का कोटा ग्रामीण क्षेत्रों का होता है जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाशाली बच्चे आते हैं। इसलिए नवोदय विद्यालयों में 30.5 प्रतिशत विद्यार्थी अन्य पिछड़े वर्गों से, 25.43 प्रतिशत विद्यार्थी अनुसूचित जातियों; 20.30 प्रतिशत विद्यार्थी अनुसूचित जनजातियों से; तथा 23.77 प्रतिशत विद्यार्थी सामान्य वर्ग से आते हैं। महोदय, केंद्रीय विद्यालयों की स्थिति थोड़ी अलग है। यहां विद्यार्थियों की कुल संख्या 12,92,767 है, जिनमें से 2,65,740 विद्यार्थी अनुसूचित जातियों से हैं, जो कि 20.56 प्रतिशत है। अनुसूचित जातियों का प्रतिनिधित्व अधिक है। अन्य पिछड़े वर्गों के 2,58,624 विद्यार्थी हैं, जो कि 20.01 प्रतिशत है; अनुसूचित जनजातियों के 6.1 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के 46.47 प्रतिशत विद्यार्थी हैं।''

2.14 पूर्वोक्त से यह स्पष्ट है कि केवीज तथा एनवीज में अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण नहीं प्रदान किया जाता जबकि उच्च शिक्षा/तकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए सीईआई (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 के रूप में अन्य पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों के लिए यह उपलब्ध है। केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों में आरक्षण के दायरे से अन्य पिछड़े वर्गों को बाहर रखने का कारण पूछे जाने पर अपने लिखित उत्तर में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने बताया कि:—

''स्कूलों में दाखिले से संबंधी केवीएस और एनवीएस की प्रवेश नीति में ओबीसी विद्यार्थियों के आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों में केन्द्रीय शैक्षिक संस्था (दाखिले में आरक्षण) अधिनियम, 2006 के प्रावधानों को लागू करने के संबंध में उच्चतर शिक्षा विभाग के नीति अनुभाग को परामर्श देने के लिए कहा गया है।''

2.15 मानव संसाधन विकास मंत्रालय से खास तौर पर केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों में अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण के लिए सीईआई अधिनियम के लागू न होने का कारण पूछा गया, जिस पर अपने लिखित उत्तर में मंत्रालय ने बताया कि:—

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित जवाहर नवोदय विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों में उपरोक्त प्रावधान की प्रयोजनीयता का विश्लेषण किया गया और निम्नलिखित स्थिति सामने आई है:—

	केंद्रीय शिक्षण संस्था	टिप्पणियां
	1	2
(i)	केन्द्रीय अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित या निगमित विश्वविद्यालय;	नवोदय विद्यालयों/केंद्रीय विद्यालयों के लिए लागू नहीं।
(ii)	संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित राष्ट्रीय महत्व की कोई संस्था;	नवोदय विद्यालयों/केंद्रीय विद्यालयों के लिए लागू नहीं।

1	2
(iii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन सम विश्वविद्यालय के रूप में घोषित और केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुरक्षित और सहायता प्राप्त करने वाली कोई संस्था;	नवोदय विद्यालयों/केंद्रीय विद्यालयों के लिए लागू नहीं।
(iv) केंद्र सरकार द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष अनुरक्षित अथवा अनुदान प्राप्त कर रहे संस्था, और खंड (i) अथवा खंड (ii) में संदर्भित किसी संस्था से संबद्ध अथवा खंड (iii) में संदर्भित किसी संस्था की एक संघटक इकाई;	यद्यपि, नवोदय विद्यालय/केंद्रीय विद्यालय केंद्र सरकार से नवोदय विद्यालय समिति/केंद्रीय विद्यालय संगठन के माध्यम से अनुदान प्राप्त करते हैं लेकिन वे अधिनियम के खंड (i) अथवा खंड (ii) अथवा खंड (iii) में संदर्भित किसी संस्था की संघटक इकाई से संबद्ध नहीं है।
(v) सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित एक शैक्षिक संस्था	जबकि स्वायत्त निकायों अर्थात् नवोदय विद्यालय समिति और केंद्रीय विद्यालय संगठन केंद्र सरकार द्वारा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करने, विकसित करने और प्रबंधन करने हेतु स्थापित किए गए हैं और स्वत: सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत सोसाइटी के रूप में व्यक्तिगत रूप से पंजीकृत नहीं हैं।

उपरोक्त पैरा 2 में सीईआई की परिभाषा के विश्लेषण के अनुसार, जेएनवी और केवी दोनों ही अधिनियम में परिभाषित सीईआई की परिभाषा के दायरे में आते हुए प्रतीत नहीं होते हैं।

2.16 जेएनवी और केवीएस पर सीईआई लागू करने के मुद्दे पर और विस्तार से बताते हुए मंत्रालय ने लिखित उत्तर में निम्नवत् बताया:—

> ''राज्य सभा के तारांकित प्रश्न सं॰ 48 के अनुपूरक का दिनांक 20.7.2017 को और लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं॰ 103 के अनुपूरक का दिनांक 24.07.2017 को उत्तर देते समय, माननीय सांसद और तत्कालीन राज्य मंत्री (स्कूल शिक्षा) द्वारा नवोदय विद्यालयों में ओबीसी छात्रों के लिए आरक्षण के मुद्दे पर दोनों सदनों को आश्वासन दिया गया था कि नवोदय विद्यालय में प्रवेश में ओबीसी छात्रों को आरक्षण देने पर विचार किया जाएगा। केंद्रीय शैक्षिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 में परिकल्पित ओबीसी के लिए आरक्षण के लाभ के प्रावधानों की प्रयोजनीयता के संबंध में मामले को तदनुसार एमएचआरडी के नीति प्रभाग के साथ नीति के परिप्रेक्ष्य से जांच करने के लिए उठाया गया था, जिसने सूचित किया था कि उन्होंने इसे अवलोकन और विचार-विमर्श हेतु नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का मसौदा तैयार करने के लिए स्थापित समिति को संदर्भित किया था।''

2.17 आगे निम्नवत् बताया गया:—

''यद्यपि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने के लिए स्थापित समिति की रिपोर्ट प्रतीक्षित थी, तथापि उपर्युक्त दो आश्वासनों को पूरा करने के लिए और अधिक समय मांगा गया था। वर्तमान में, राज्य सभा और लोक सभा में दिए गए आश्वासन के संबंध में समय क्रमश: 19.04.2020 और 23.04.2020 तक बढ़ाया गया है। इस दौरान, मसौदा एनईपी, 2019 उपलब्ध हो गया है, जिसमें स्कूलों में ओबीसी छात्रों के प्रवेश के लिए आरक्षण का लाभ प्रदान करने के संबंध में अलग से कोई संस्तुति नहीं की गई है। अलग से 4.9.2019 को केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा एक सूचना प्राप्त हुई जिसमें सूचित किया गया है कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने यह पूछा कि केंद्रीय विद्यालय में क्यों ओबीसी छात्रों का आरक्षण उपलब्ध नहीं है। जबकि यह सीईआई (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 के संदर्भ में ओबीसी छात्रों के उच्चतर शिक्षा/तकनीकी संस्थानों में प्रवेश के लिए उपलब्ध है। इसलिए केंद्रीय विद्यालय संगठन ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के परामर्श के लिए अनुरोध किया है। उपर्युक्त संदर्भ में, मामले को दोबारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के नीति प्रभाग को उनकी सलाह हेतु भेजा गया था। नीति प्रभाग यह मानते हुए कि सीईआई अधिनियम, 2006 के उपबंध केवल उच्चतर शिक्षा के सीईआई पर लागू हैं, ने अन्य बातों के साथ-साथ सलाह दी थी कि यदि और स्पष्टीकरण आवश्यक हो, तो कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। तथापि, चूंकि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग सेवाओं में एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण संबंधी मामलों का निपटान करता है और विचाराधीन मामला स्कूलों में दाखिला के लिए ओबीसी हेतु आरक्षण के प्रावधानों के विस्तार के विषय में है, यह माना गया कि डीओपीटी के साथ मामले को उठाने से किसी उपयोगी उद्देश्य की प्राप्ति की संभावना नहीं है। तदनुसार, केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में दाखिलों में ओबीसी छात्रों के आरक्षण के प्रावधानों के विस्तार संबंधी मामले को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को उनकी सलाह हेतु भेजा गया था। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की सलाह की प्रतीक्षा है।''

2.18 विद्यालयी शिक्षा और साक्षरता विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि ने केवी और एनवी में ओबीसी छात्रों के लिए आरक्षण नीति का क्रियान्वयन न करने के कारण के बारे में पूछे जाने पर मौखिक साक्ष्य के दौरान निम्नवत् बताया:—

''.....मैं संक्षेप में यह बताना चाहूंगा कि वर्ष 2006 का जो अधिनियम बना है, उसके बारे में पॉलिसी डिवीजन की चर्चा का, अभी आपके वक्तव्य में उल्लेख किया गया। पॉलिसी डिवीजन में एग्जामिनेशन के बाद यह निकला है कि सैक्शन 2 (जे) जो एक्ट का है, उसमें लिखा हुआ है—किसी अध्ययन शाखा में शिक्षण या अनुदेश का तात्पर्य शिक्षा के तीन प्रधान स्तरों स्नातक (अंडरग्रेजुएट), स्नातकोत्तर (पोस्टग्रेजुएट) और डॉक्टोरक्त स्तर पर किसी अध्ययन शाखा में शिक्षण या अनुदेश से है। एक्ट के सैक्शन 2(जे) में ही असमंजस की जो स्थिति है, उसके कारण नवोदय एवं केन्द्रीय विद्यालय और मैं समझता हूं कि शायद सैनिक स्कूल तथा राष्ट्रीय

इंडियन मिलिट्री एकादमी भी प्रभावित हो रहे हैं। असमंजस की स्थिति है कि इन स्कूलों पर लागू हो रहा है या नहीं लागू हो रहा है, क्योंकि स्कूल्स में 'leading to these three levels' यह संभव ही नहीं है। सर, जब यह 30 सितम्बर को रेफरेंस आया तो 30 सितम्बर को पॉलिसी डिवीजन ने दिया, लेकिन विभाग में यह सोचा गया कि इस पर सोशल जस्टिस विभाग से हम को परामर्श करना चाहिए, क्योंकि यह कोई साधारण मुद्दा नहीं है। जैसा आपने स्वयं उल्लेख किया कि जब सरकार की नीति है और जब उच्च शिक्षा संस्थान में आरक्षण की व्यवस्था की गई है तो जब तक स्कूल में लोग नहीं पढ़ेंगे तो उच्च शिक्षा में वे कैसे प्रवेश पाएंगें, जब तक कि 12वीं तक उन्होंने स्कूल में शिक्षा नहीं ग्रहण की है। सर, इस मामले पर हम लोगों ने सोशल जस्टिस विभाग से राय मांगी है। मैं कोशिश करूंगा कि उनके साथ जल्दी ही निपटारा करूं, लेकिन मुख्य बिन्दु जिसके कारण यह रुका हुआ है, वर्ष 2006 से यही सैक्शन 2(जे) का प्रावधान है। जब एक्ट बनाया गया था, उस समय स्कूलों पर उतना ध्यान शायद न दिया गया हो। इसलिए यह असमंजस की स्थिति मतलब कहा जाए कि एक विसंगति उत्पन्न हो गई।''

2.19 उन्होंने यह भी बताया कि:—

''महोदय, मैंने शुरू में ही कहा है कि समिति की भावना का हम सम्मान करते हैं और मैंने स्वयं भी कहा कि उच्च शिक्षा में विद्यार्थी तभी जाते हैं, जब वे स्कूल में पढ़े हुए हों। मैंने सिर्फ यह एक्सप्लेन किया कि अभी तक जो आरक्षण लागू नहीं हुआ है, वह असमंजस की स्थिति, विसंगति कहां से आ रही है। मैं इसे न्यायोचित नहीं ठहरा रहा हूं कि इसे नहीं दिया जाना चाहिए। हम यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि इसे अभी तक क्यों नहीं किया जा सका। यह मेरी पहली बात है। हम सरकार के रूप में नहीं कह रहे हैं कि हम आरक्षण नहीं देंगे। आखिरकार अधिनियम को सरकार की ओर से संसद द्वारा पारित किया गया है। मेरे विचार विसंगति थोड़ी बहुत 2(ज) के निर्वाचन में है। इस कारण से नीति प्रभाग द्वारा दी गई सलाह को पूर्णत: स्वीकार नहीं किया गया है कि आरक्षण नहीं होगा। हमने पुन: सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से कहा है कि हम माननीय समिति को आश्वासन दे रहे हैं कि एक उचित समय सीमा अर्थात् तीन महीने के अंदर हम पूरे मामले का समाधान करने का प्रयास करेंगे।''

2.20 ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की संभावना तलाशे जाने के बारे में पूछे जाने पर प्रतिनिधि ने साक्ष्य के दौरान निम्नवत् बताया:—

''सर, जब अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए नवोदय विद्यालय में आरक्षण आया, तो उसके लिए लोग कैबिनेट तक गए हैं। चूंकि इस एक्ट के बाद समिति के साथ-साथ हमें कैबिनेट को भी सूचना देनी पड़ेगी, क्योंकि यह व्यवस्था परिवर्तन होगा। जब कोई भी नयी पॉलिसी बनती है, हालांकि वह ऑटोनोमस ऑर्गनाइजेशन है, लेकिन चूंकि सरकार से फंडिड है, इसलिए सरकार की सहमति के बिना प्रशासनिक रूप से यह उचित नहीं होगा।''

2.21 जब समिति ने साक्ष्य के दौरान इस समाधान में होने वाले विलंब पर गंभीर चिंता व्यक्त की जिससे नवोदय विद्यालयों/केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले ओबीसी छात्रों का भविष्य प्रभावित होगा, इस पर उन्होंने तीन महीने का समय मांगा और निम्नवत् आश्वासन दिया:—

''आरंभ में मैंने जो कहा, वह केवल यह बताने के लिए था कि चीज़ें आगे क्यों नहीं बढ़ी। ऐसा

नहीं है कि हम इसे करने नहीं जा रहे। सर, मैं तीन महीने के समय के बारे में इसलिए कह रहा हूं कि एडमिशन सीजन शुरू होने के पहले निर्णय हो जाना चाहिए। यह भावना है कि एडमिशन शुरू हो जाएंगे तो उसके बीच में उसको चेंज करना एक बहुत बड़ी समस्या हो जाएगी। इसलिए हम लोग कोशिश यह करेंगे कि सरकार का निर्णय एडमिशन प्रोसेस शुरू होने के पहले हो जाए कि वर्ष 2020-21 के जो एडमिशन होंगे, वे सरकार के निर्णय के अनुसार होंगे। जो पॉलिसी डिवीजन के बारे में पूछा गया, जिसके संदर्भ में आपने राज्य सभा के प्रश्न और आश्वासन का उल्लेख किया, उसमें वर्ष 2020 तक एक्सटेंशन लिया गया है, लेकिन अगर आप तीन महीने देखेंगे तो जनवरी, 2020 तक ही होगा, उसमें अप्रैल, 2020 या उसके आगे की बात नहीं हो रही है। हम लोग एडमिशन सीजन के पहले ही इस पर सरकार के आदेश को प्राप्त कर लेंगे।''

सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में आरक्षण:

2.22 रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी के अनुसार सैनिक स्कूल सोसाएटी के नियम एवं विनियम (एसएसएसआर एण्ड आर) के नियम 1.12 से 1.14 तक सैनिक स्कूलों में आरक्षण के दायरों को परिभाषित करते हैं। इस नियम के अनुसार:—

''कुल सीट का 15% अनुसूचित जाति और 7.5% अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। प्रत्येक सैनिक स्कूल में शेष खाली स्थान का 67% सीट उस राज्य के लड़कों के लिए आरक्षित होता है जिस राज्य में वह सैनिक स्कूल स्थित है तथा 33% सीटें बाकी दूसरे राज्य के उम्मीदवारों के बीच उनके पुरुष जनसंख्या के अनुपात में वितरित होता है। इनमें से 25% सीटें सेना कर्मियों, भूतपूर्व कर्मियों सहित, के बच्चों के लिए आरक्षित हैं (क्षैतिज आरक्षण)।''

2.23 आगे यह बताया गया कि सन् 1960 में सैनिक स्कूल की स्थापना के साथ ही सैनिक स्कूलों में एससी/एसटी के लिए आरक्षण लागू किया गया था। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा अनुमोदित संगत नियमों का उद्धरण सार अनुलग्नक-चार के रूप में संलग्न है।

2.24 इसी प्रकार राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में वर्तमान आरक्षण व्यवस्था निम्नवत् है:—

''(i) **हकदार श्रेणी:**- थल सेना में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त जे॰सी॰ओ/ओ॰आर॰ एवं नौसेना तथा वायु सेना के समकक्ष रैंक वालों के बच्चों के लिए 70% सीट आरक्षित हैं।

(ii) **गैर-हकदार श्रेणी:**- तीनों सेनाओं एवं सिविलियंस के लिए सम्मिलित रूप से 30% सीटें आरक्षित हैं।

(iii) उपरोक्त दोनों वर्गों (हकदार श्रेणी एवं गैर-हकदार श्रेणी) में 15% तथा 7.5% सीटें क्रमश: अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होती हैं।

(iv) **कार्रवाई के दौरान शहीद:**- कार्रवाई के दौरान शहीद (केआईए) श्रेणी के लिए कुल 50 सीटें (किसी एक स्कूल में 15 से ज्यादा नहीं) निर्धारित हैं। किसी भी एक समय में सभी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों को मिलाकर कार्रवाई के दौरान शहीद (केआईए) श्रेणी के कैडेटों की कुल संख्या 50 से अधिक नहीं होगी। प्रत्येक साल सभी राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों

में उत्पन्न रिक्ति के आधार पर प्रवेश दिया जाता है। वर्तमान में सभी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में इस श्रेणी के 12 कैडेट अध्ययनरत हैं।''

2.25 उपरोक्त से यह देखा जा सकता है कि सैनिक/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में प्रवेश के लिए अनु॰जा॰/अ॰ज॰जा॰ को तो आरक्षण प्रदान किया जाता है किंतु अ॰पि॰व॰ को आरक्षण नहीं प्रदान किया जाता है। सैनिक/मिलिट्री स्कूलों में अ॰पि॰व॰ के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं होने के बारे में पूछे जाने पर अपने लिखित उत्तर में मंत्रालय ने बताया कि:—

''सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए एस॰ सी॰/एस॰ टी॰ छात्रों के अनुरूप ओ॰बी॰सी॰ छात्रों को आरक्षण का लाभ नहीं है। सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए ओ॰बी॰सी॰ आरक्षण लागू करने हेतु सैनिक स्कूलों की अगली बोर्ड ऑफ गवर्नर्स मीटिंग में प्रस्ताव लाया जाएगा। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में ओ॰बी॰सी॰ वर्ग के छात्रों के लिए अलग से कोई आरक्षण नहीं है। इस विषय पर निर्णय लेने हेतु राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के सेन्ट्रल गवर्निंग काउंसिल (सीजीसी) सक्षम प्राधिकारी हैं।''

2.26 मंत्रालय ने आगे बताया कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में प्रवेश में अ॰पि॰व॰ के आरक्षण संबंधी विषय को केंद्रीय शासी परिषद की अगली बैठक में उठाया जाएगा।

2.27 सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में प्रवेश में अ॰पि॰व॰ के आरक्षण प्रदान करने के विषय पर साक्ष्य के दौरान रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि ने कहा कि:—

''आदरणीय सभापति महोदय, अभी आप ने जो बात कही, उसी भावना को देखते हुए हमने सैनिक स्कूल तथा बोर्ड के बारे में अपने जवाब में बताया है। सैनिक स्कूल में ओबीसी रिजर्वेशन को लागू करने के लिए हमने अगले बोर्ड मीटिंग में एजेंडा रखने का प्लान बनाया है। रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में बोर्ड है और उसमें हम इस विषय को कंसीडर करने के लिए रखेंगे।''

2.28 उन्होंने आगे यह भी कहा कि:—

''मैं एक बात कहना चाहूंगा कि जो सैनिक स्कूल तथा राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल हैं, वे हमारे एक खास उद्देश्य से बनाए गए हैं। महोदय, आपको भी मालूम है कि हमारे देश की जो सेना है, उनकी जो फिजिकल तथा मेंटल रिक्वायरमेंट हैं, उसकी ट्रेनिंग इन स्कूलों में दी जाती हैं। उसी उद्देश्य के साथ इसको बनाया गया है और उद्देश्य के लिए ये स्कूल्स काम कर रहे हैं। इसकी वजह से इन स्कूलों में ओबीसी का रिजर्वेशन नहीं हो, ऐसा बिलकुल नहीं है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हमने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल का एनालिसिस किया है और लगभग 25 से 26 प्रतिशत हमारे बच्चे राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में आ रहे हैं, उनको सेलेक्शन मेरिट के बेसिस पर किया जाता है। वे फिजिकल पैरामीटर्स और दूसरे क्वालीफिकेशंस के बेसिस पर आते हैं और वे अभी ओबीसी कैटेगरी के हैं। हमारी आर्मी की अपनी एक रिक्वायरमेंट है।''

2.29 इस विषय पर उप सेनाध्यक्ष ने बताया कि:—

''जैसा हमें फीगर्स दिए गए हैं, उनके अनुसार हमारे राष्ट्रीय स्कूल्स में तकरीबन 25-26 परसेंट ओबीसी कैटेगरी के छात्र हैं, हमें इनको फॉरम्लाइज करने में कोई आपत्ति नहीं है अगर वह संवैधानिक प्रोविजन है। हम उसका पालन जरूर करेंगे। मैं सिर्फ यह कहना चाहूंगा और आपने भी इसका जिक्र किया कि क्यों हम यह कहकर उनका मनोबल कम करें कि आप रिजर्वेशन के माध्यम से आए हैं। जब वे ओपनमेरिट से आ रहे हैं, अपने बल पर आ रहे हैं, तो क्यों नहीं वही रखा जाए। हम उसमें 27 परसेंट जरूर डाल सकते हैं, इसमें मुझे कोई प्रॉब्लम नहीं है। यह अपने आप 25 परसेंट हो गया है। इसे हम 27 परसेंट भी कर देंगे। जितने लोग अप्लाई करेंगे, उतने

लोगों को एडमिशन लेने को मौका मिलेगा। कभी भी हमने किसी वर्ग के लोगों को मना नहीं किया है। हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग आर्मी ज्वाइन करें। हमने कभी किसी को वापिस नहीं भेजा है।''

अध्याय तीन

केंद्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों/राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों के अंतर्गत अध्यापकों एवं स्टाफ के रोजगार में अ॰पि॰व॰ का प्रतिनिधित्व

नवोदय विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों में अध्यापकों और अन्य सहायक स्टाफ की भर्ती की गयी तथा क्रमश: नवोदय विद्यालय समिति और केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं।

3.2 समिति को केंद्रीय विद्यालय संगठन में विभिन्न पदों पर कर्मचारियों की संख्या तथा इनके बीच अ॰पि॰व॰ के कर्मचारियों की संख्या दी गयी तथा इसका विवरण निम्नवत् है:—

क्र॰सं॰	पद का नाम	कर्मचारियों की संख्या	अ॰पि॰व॰ के कर्मचारी	अ॰पि॰व॰ की प्रतिशतता
1	2	3	4	5
1.	आयुक्त	1	0	0%
2.	अपर आयुक्त (प्रशासन)	0	0	0%
3.	अपर आयुक्त (अकादमिक)	1	0	0%
4.	संयुक्त आयुक्त	3	1	33.33%
5.	संयुक्त आयुक्त (वित्त)	0	0	0%
6.	अधीक्षक अभियंता	0	0	0%
7.	उपायुक्त	29	6	20.68%
8.	उपायुक्त (वित्त)	0	0	0%
9.	उपायुक्त (प्रशासन)	0	0	0%
10.	सहायक आयुक्त (प्रशासन)	3	0	0%
11.	सहायक आयुक्त (वित्त)	2	1	50%
12.	सहायक आयुक्त	68	14	20.58%
13.	कार्यकारी अभियंता	2	0	0%
14.	प्रधानाध्यापक	977	235	24.05%
15.	उप प्रधानाध्यापक/ प्रधानाध्यापक ग्रेड II	490	140	28.57%

1 2	3	4	5
16. प्रशासनिक अधिकारी	18	1	5.55%
17. प्रोग्रामर	0	0	0%
18. वित्त अधिकारी	24	1	4.16%
19. अनुभाग अधिकारी	29	0	0%
20. तकनीकी अधिकारी	2	1	50%
21. सहायक निदेशक (ओ॰एल॰)	1	0	0%
22. सांख्यिकीय अधिकारी	0	0	0%
23. सहायक संपादक	1	0	0%
24. निजी सचिव	3	0	0%
25. पीजीटी (भौतिकी)	1248	327	26.20%
26. पीजीटी (रसायन)	1198	309	25.79%
27. पीजीटी (गणित)	1144	321	28.05%
28. पीजीटी (जीवविज्ञान)	938	233	24.84%
29. पीजीटी (अंग्रेजी)	1131	287	25.37%
30. पीजीटी (हिन्दी)	944	259	27.43%
31. पीजीटी (इतिहास)	378	105	27.77%
32. पीजीटी (अर्थशास्त्र)	741	214	28.87%
33. पीजीटी (भूगोल)	378	104	27.51%
34. पीजीटी (वाणिज्य)	696	213	30.60%
35. पीजीटी (कंप्यूटर विज्ञान)	1049	344	32.79%
36. पीजीटी (जैव तकनीकी)	26	7	26.92%
37. टीजीटी (हिन्दी)	1940	538	27.73%
38. टीजीटी (अंग्रेजी)	2415	658	27.24%
39. टीजीटी (संस्कृत)	1264	314	24.84%
40. टीजीटी (सामाजिक अध्ययन)	1979	538	27.18%
41. टीजीटी (गणित)	2408	677	28.11%
42. टीजीटी (विज्ञान)	1553	405	26.07%
43. टीजीटी (कार्य अनुभव)	1114	281	25.22%

1	2	3	4	5
44.	टीजीटी (कला शिक्षा)	1104	357	32.33%
45.	टीजीटी (शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा)	1092	315	28.84%
46.	टीजीटी (पुस्तकालयाध्यक्ष)	1168	310	26.54%
47.	पीआरटी (संगीत)	1196	298	24.91%
48.	प्राथमिक शिक्षक	13302	3571	26.84%
49.	सहायक अनुभाग अधिकारी	405	69	17.03%
50.	वरिष्ठ सचिवालय सहायक	1059	241	22.75%
51.	कनिष्ठ सचिवालय सहायक	928	281	30.28%
52.	उप स्टाफ	3708	672	18.12%
53.	चालक	7	0	0%
54.	आशुलिपिक ग्रेड II	19	8	42.10%
55.	हिंदी अनुवादक	20	4	20%
	कुल योग	48206	12660	26.26%

3.3 विशिष्ट रूप से पूछे जाने पर कि क्या उपर्युक्त दिखायी गयी अ॰पि॰व॰ के कर्मचारियों की संख्या आरक्षण कोटे के अंतर्गत भर्ती की गयी है या उनको उनकी मेरिट पर चयनित किया गया है, 25 अक्तूबर, 2019 को हुए साक्ष्य के दौरान आयुक्त, केवीएस ने निम्नवत् साक्ष्य दिया:—

''सर, इसमें मेरिट के आधार पर भी आए हैं।''

3.4 केवीएस में आरक्षण के तहत 27 प्रतिशत अ॰पि॰व॰ कोटा भरने तथा अभ्यर्थियों को अपनी मेरिट पर चयनित न होने के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने पुन: बताया कि:—

''सर, जैसा मैंने पहले कहा कि हम अभी तक उस लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए हैं। वह क्रमश: होता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों के रिक्रूटमेंट का आंकड़ा मैंने माननीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया है, उसमें आरक्षण की सीमा का जो टार्गेट है, उसे हम फुलफिल कर रहे हैं।''

3.5 समिति समझती है कि *इंदिरा साहनी एवं अन्य* बनाम *भारत संघ* के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने 1992 अनुपूरक (3) एससीसी 217 में पैरा संख्या 81 में बताया कि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जो खुली प्रतियोगिता क्षेत्र में अपनी मेरिट के आधार पर चयनित होते हैं उनको उनके लिए आरक्षित कोटे में उसकी गणना नहीं की जायेगी तथा उनकी गणना खुली प्रतियोगिता अभ्यर्थियों के रूप में की जायेगी। डीओपीटी के दिनांक 02.07.1997 के का॰ ज्ञा॰ सं॰ 36012/2/96–स्थापना (आ॰) के अनुसार यह भी स्पष्ट है कि केंद्र सरकार की नौकरियों एवं सेवाओं में सीधी भर्तियों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जो कि सामान्य अभ्यर्थियों के लिए लागू मानकों पर चयनित होते हैं, उनका समायोजन आरक्षित रिक्तियों में नहीं किया जायेगा।

3.6 जब समिति ने केवीएस में अन्य पिछड़े वर्गों के लिए सम्पर्क अधिकारियों के ब्यौरे के साथ उनका नाम एवं जाति, पता, ई-मेल और टेलीफोन नम्बर के बारे में पूछा, तो समिति को निम्नवत् बताया गया:—

''अन्य पिछड़े वर्गों के लिए अभी तक अलग से किसी सम्पर्क अधिकारी को नामित नहीं किया गया है।''

3.7 समिति को नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न पदों पर कर्मचारियों की संख्या और उनमें से अन्य पिछड़े वर्गों के कर्मचारियों की संख्या निम्नवत् बताई गई:—

क्र॰ सं॰	पद का नाम	कर्मचारियों की संख्या	अन्य पिछड़े वर्गों के कर्मचारी	अन्य पिछड़े वर्गों के कर्मचारियों का प्रतिशत
1.	सहायक आयुक्त (शैक्षणिक)	9	2	22.22%
2.	सहायक आयुक्त (प्रशासन)	5	1	20%
3.	सहायक अनुभाग अधिकारी	18	4	22.22%
4.	लेखापरीक्षक सहायक	36	9	25%
5.	हिन्दी अनुवादक	5	0	0%
6.	आशुलिपिक	47	8	17.02%
7.	कम्प्यूटर परिचालक	8	2	25%
8.	कार चालक	13	1	7.69%
9.	कनिष्ठ सचिवालय सहायक	66	13	19.69%
10.	एमटीएस	76	5	6.57%
11.	प्रधानाचार्य (समूह क)	288	85	29.51%
12.	पीजीटी (समूह ख)	3664	1242	33.89%
13.	टीजीटी (समूह ख)	4467	1428	31.96%
14.	शिक्षकों के विविध वर्ग (समूह ख)	2650	790	29.81%
15.	गैर-शिक्षण स्टाफ (समूह ग)	7473	2062	27.59%
	कुल	18825	5652	30.02%

3.8 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में समूह 'क', 'ख' , 'ग' और 'घ' पदों पर अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के कर्मचारियों का ब्यौरा:—

क्र॰ सं॰	विद्यालय का नाम	स्टाफ वर्ग समूह 'क'			समूह 'ख'			समूह 'ग'			समूह 'घ'		
		संस्वीकृत	भरे हुए पद	अन्य पिछड़े वर्ग	संस्वीकृत	भरे हुए पद	अन्य पिछड़े वर्ग	संस्वीकृत	भरे हुए पद	अन्य पिछड़े वर्ग	संस्वीकृत	भरे हुए पद	अन्य पिछड़े वर्ग
1.	चैल	10	8	1	12	9	0	17	10	2	68	62	8
2.	अजमेर	10	8	0	12	7	2	17	15	8	68	56	20
3.	बेलगाम	10	9	2	12	9	2	17	14	2	68	61	12
4.	बेंगलुरु	10	8	0	12	8	2	17	14	2	68	57	10
5.	धौलपुर	10	8	0	12	7	2	17	17	11	68	51	17
	कुल	**50**	**41**	**3**	**60**	**40**	**8**	**85**	**70**	**25**	**340**	**287**	**67**

3.9 सैनिक स्कूलों में रोजगार में ओबीसी के प्रतिनिधित्व के संबंध में रक्षा मंत्रालय द्वारा निम्नवत् आंकड़े उपलब्ध कराए गए:—

क्र॰ सं॰	पद का ब्यौरा	कर्मचारियों की संख्या	अन्य पिछड़े वर्गों के कर्मचारी	अन्य पिछड़े वर्गों के कर्मचारियों का %
1.	शैक्षणिक और प्रशासनिक स्टाफ	1181	220	18.62
2.	सामान्य कर्मचारी	973	226	27.33
	कुल	2154	446	20.70

भाग दो

टिप्पणियां/सिफारिशें

1. विशेष प्रयोजन विद्यालयों की पहुंच का विस्तार करने के लिए अनिवार्य कदम

केन्द्रीय विद्यालय योजना को स्थानांतरणीय केन्द्रीय सरकार/रक्षा कर्मचारियों के बच्चों को शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए नवंबर, 1962 में अनुमोदित किया गया था और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाशाली बच्चों को अच्छी गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए वर्ष 1986 में केन्द्रीय क्षेत्र योजना के अंतर्गत आवासीय नवोदय विद्यालय शुरू किए गए। इसके अतिरिक्त, लड़कों को प्रमुख उद्देश्य से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रवेश दिलाने के लिए शैक्षिक, शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना था। रक्षा कार्मिकों के पुत्रों की शिक्षा का ध्यान रखने के लिए राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों की स्थापना की गई थी। समिति समझती है कि सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल तथा राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल जनसंख्या के विशेष वर्ग की शैक्षिक आवश्यकताओं तथा स्पष्ट रूप से निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने को ध्यान में रखते हुए खोले गए हैं। ये संस्थाएं अपने-अपने लक्ष्यों को अपने तरीकों से प्राप्त करने की दिशा में कार्यरत हैं। समिति पाती है कि नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल अब तक वंचित क्षेत्रों और वर्गों तक अच्छी गुणवत्तावाली सार्वजनिक विद्यालयी शिक्षा का प्रसार करते हुए प्रतिभा तलाशने का कार्य कर रहे हैं। दूसरी तरफ, केन्द्रीय विद्यालय और राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल केन्द्रीय सरकार/रक्षा कर्मचारियों के बच्चों पर गहन ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। वर्तमान में देश में 1227 केन्द्रीय विद्यालय, 637 नवोदय विद्यालय, 31 सैनिक स्कूल और 5 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चल रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के महत्व की सराहना करते हुए, समिति की इच्छा है कि 24 नवोदय विद्यालय जो स्वीकृत किए गए हैं परंतु चालू नहीं हुए हैं उन्हें और देरी किए बिना चालू किया जाए तथा गुणवत्तापरक शिक्षा की बढ़ती मांग तथा इन विशेष प्रयोजन संस्थानों तक पहुंच बढ़ाने का ध्यान रखने के लिए देश के पिछड़े क्षेत्रों में चार श्रेणियों में और विद्यालय खोले जाएं।

2. केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों में प्रवेश में ओबीसी आरक्षण

समिति यह नोट करके दुखी है कि केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों में भी प्रवेश में ओबीसी के आरक्षण हेतु अब तक कोई प्रावधान नहीं है जबकि यह अजा/अजजा छात्रों को दिया जा रहा है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) में प्रवेश नीति/दिशा-निर्देशों के समर्थनकारी उपबंधों के अनुसार प्रवेश में अजा/अजजा छात्रों को आरक्षण दिया जा रहा है। समिति को यह पता करके दुख है कि केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियमित केन्द्रीय शिक्षा संस्था (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 के बाद से गत तेरह वर्षों में ओबीसी आरक्षण को सम्मिलित करने वाली अपनी प्रवेश नीति को केवीएस और एनवीएस ने संशोधित नहीं किया है। समिति का सुविचारित मत है कि केन्द्रीय शिक्षा संस्था अधिनियम के उपबंध ओबीसी छात्रों हेतु प्रवेश में सीटें आरक्षित करना केवीएस और एनवीएस पर कानूनी रूप से अनिवार्य है क्योंकि संस्थाओं को अधिनियम की धारा 2(घ) के अंतर्गत स्पष्ट रूप से सम्मिलित किया गया है। समिति यह नोट करके परेशान है कि

